संख्या- 16/1509 /अडतीस-7-2014-407नरेगा/2010

प्रेषक,

सुधीर कुमार श्रीवास्तव ,
सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

1 समस्त जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।
2 समस्त मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य विकास अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 02 जुलाई, 2014

विषय- वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु ग्राम्य विकास विभाग को आवंटित वृक्षारोपण लक्ष्य पूर्ति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में वृक्षाच्छादित क्षेत्र निर्धारित मानक से बहुत ही कम है। उत्तर प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 5.86 प्रतिशत वनावरण तथा 3.4 प्रतिशत क्षेत्र इस प्रकार कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 9.26 प्रतिशत क्षेत्र में ही वनावरण एवं वृक्षाच्छादन है। अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराये जाने से ही लक्ष्य की प्राप्ति एवं प्रदेश के वनावरण एवं वृक्षाच्छादन में वृद्धि होगी। इस संबंध में वन विभाग के शासनादेश संख्या- 09/14-5-2014-15/2013, दिनांक: 19-02-2014 द्वारा वर्ष 2014-15 हेतु वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो आपको सम्बोधित एवं मुख्य विकास अधिकारी को भी पृष्ठांकित है।

2- उक्त संदर्भित पत्र दिनांक: 19-02-2014 जिसके द्वारा जनपदवार एवं विभागवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है, की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि जनपदों को आवंटित लक्ष्य को तत्काल विकास खण्डवार आवंटन करके खण्ड विकास अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश अपने स्तर से जारी करें कि वृक्षारोपण हेतु समस्त तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करके वृक्षारोपण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। विभाग को आवंटित लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति हेतु प्रभावी अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया जाय।

3- अतः अनुरोध है कि कृपया व्यक्तिगत रूचि लेते हुए इस संबंध में त्वरित एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए शतप्रतिशत वृक्षारोपण लक्ष्य प्राप्त किया जाय।

कृपया उक्त निर्देशों का अनुपालन कडाई से सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(सुधीर कुमार श्रीवास्तव)
सचिव ।

संख्या- 1509 (1)/अड़तीस-7-2014-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव, वन विभाग, उ0प्र0शासन।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ/अपर प्रमुख वन संरक्षक सामाजिक एवं कृषि वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ
3. आयुक्त/ रोजगार गारण्टी आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि जनपदवार आवंटित लक्ष्य का नियमित अनुश्रवण कर शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराएं।
4. अपर आयुक्त (मनरेगा), ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
5. समस्त संयुक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक/परियोजना निदेशक, डीआरडीए, उ0प्र0।
6. नोडल अधिकारी, वृक्षारोपण ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
7. गार्ड बुक।

आज्ञा से

(अशोक कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in